आचार्य अमितगति विरचित

धर्मपरीक्षा



भारतवर्षीय अनेकान्त विद्वत परिषद्

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ज्ञानदिवाकर, मर्यादा शिष्योत्तम, प्रशांतमूर्ति
आचार्यश्री भरतसागर जी महाराज की स्वर्णजयंती वर्ष के उपलक्ष में :

आचार्य अमितगति विरचित

धर्मपरीक्षा

सम्पादक एवं अनुवादक
पण्डित बालचन्द्र शास्त्री

अर्थ सहयोगी
श्री सतीश कुमार जैसवाल, कलकत्ता

भारतवर्षीय अनेकान्त विद्वत् परिषद्

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भारतवर्षीय अनेकान्त विद्वत् परिषद् पुष्प संख्या –१०२
आचार्यश्री भरतसागर जी महाराज की स्वर्णजयंती पुष्प संख्या –२५

आशीर्वाद : आचार्यश्री भरतसागर जी महाराज

स्वर्ण जयंती वर्ष निर्देशन : आर्यिका स्याद्वादमती माता जी

ग्रन्थ : **धर्मपरीक्षा**

प्रणेता : **आचार्य अमितगति**

सम्पादक : **पण्डित बालचन्द्र शास्त्री**

सर्वाधिकार सुरक्षित : भा० अ० वि० परि०

संस्करण : प्रथम
वीर नि० सं० २५२४ सन् १९९८

पुस्तक प्राप्ति–स्थान : आचार्य श्री भरतसागर जी महाराज संघ

I.S.B.N. 81-8583-04-3

मुद्रक : वर्द्धमान मुद्रणालय
जवाहरनगर कालोनी, वाराणसी-१०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य श्री विमल सागर जी

तुभ्यं नमः परम धर्म प्रभावकाय,
तुभ्यं नमः परम तीर्थ सुवन्दकाय।
'स्याद्वाद' सूक्ति सरणि प्रतिबोधकाय,
तुभ्यं नमः विमल सिन्धु गुणार्णवाय ॥

आचार्य श्री भरत सागर जी

आचार्यश्री भरतसिन्धु नमोस्तु तुभ्यं,
हे भक्तिप्राप्त गुरुवर्य्य नमोस्तु तुभ्यं।
हे कीर्तिप्राप्त जगदीश नमोस्तु तुभ्यं,
भव्याब्ज सूर्य गुरुवर्य्य नमोस्तु तुभ्यं ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समर्पण

प. पू. वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री
१०८ विमलसागर जी महाराज के
पट्ट शिष्य
मर्यादा-शिष्योत्तम
ज्ञान-दिवाकर
प्रशान्त-मूर्ति
वाणीभूषण
भुवनभास्कर
गुरुदेव आचार्य श्री १०८ भरतसागर जी महाराज
की स्वर्ण जयन्ती के उपलक्ष में
आपके श्री कर–कमलों में ग्रन्थराज
सादर–समर्पित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

धर्मपरीक्षा

१. हस्तलिखित ग्रन्थोंकी संकलित सूची देखते समय धर्मपरीक्षा[1] नामक जैन ग्रन्थोंकी एक बहुत बड़ी संख्या हमें दृष्टिगोचर होती है। इस लेखमें हम विशेषतया उन्हीं धर्मपरीक्षाओंका उल्लेख कर रहे हैं, जिनकी रचनाओंमें असाधारण अन्तर है।

[१] हरिषेणकृत धर्मपरीक्षा—यह अपभ्रंश भाषामें है और हरिषेणने सं. १०४४ (=५६ सन् ९८८) में इसकी रचना की है।

[२] दूसरी धर्मपरीक्षा अमितगतिकी है। यह माधवसेनके शिष्य थे। ग्रन्थ संस्कृतमें है और सं. १०७० (सन् १०१४) में यह पूर्ण हुआ।

[३] तीसरी धर्मपरीक्षा नृत्तविलासकी है। यह कन्नड़ भाषामें है और ११६० के लगभग इसका निर्माण हुआ है।

[४] चौथी संस्कृत धर्मपरीक्षा सौभाग्यसागरकी है। इसकी रचना सं. १५७१ (सन् १५१५) की है।

[५] पाँचवीं संस्कृत धर्मपरीक्षा पद्मसागरकी है। यह तपागच्छीय धर्मसागर गणीके शिष्य थे। इस ग्रन्थकी रचना सं. १६४५ (सन् १५८९) में हुई।

[६] छठी संस्कृत धर्मपरीक्षा जयविजयके शिष्य मानविजय गणीकी है, जिसे उन्होंने अपने शिष्य देवविजयके लिए विक्रमकी अठारहवीं शताब्दीके मध्यमें बनाया था।

[७] सातवीं धर्मपरीक्षा तपागच्छीय नयविजयके शिष्य यशोविजयकी है। यह सं. १६८० में उत्पन्न हुए थे और ५३ वर्षकी अवस्थामें परलोकवासी हो गये थे। यह ग्रन्थ संस्कृतमें है और वृत्ति सहित है।

[८] आठवीं धर्मपरीक्षा तपागच्छीय सोमसुन्दरके शिष्य जिनमण्डनकी है।

[९] नवीं धर्मपरीक्षा पार्श्वकीर्तिकी है।

[१०] दसवीं धर्मपरीक्षा पूज्यपादकी परम्परागत पद्मनन्दिके शिष्य रामचन्द्रकी है जो देवचन्द्रकी प्रार्थनापर बनायी गयी।

यद्यपि ये हस्तलिखित रूपमें प्राप्य हैं और इनमें-से कुछ अभी प्रकाशित भी हो चुकी हैं। लेकिन जबतक इनके अन्तर्गत विषयोंका अन्य ग्रन्थोंके साथ सम्पूर्ण आलोचनात्मक तथा तुलनात्मक अध्ययन नहीं किया गया है तबतक इनमें-से अधिकांश हमारे लिए नाममात्र ही हैं।

२. यह अमितगतिकी धर्मपरीक्षा है, जिसका पूर्ण रूपसे अध्ययन किया गया है। मिरोनोने इसके विषयोंका सविस्तर विश्लेषण किया है। इसके अतिरिक्त इसकी भाषा और छन्दोंके सम्बन्धमें आलोचनात्मक रिमार्क भी किये हैं। कहानीकी कथावस्तु किसी भी तरह जटिल नहीं है। मनोवेग जो जैनधर्मका दृढ़ श्रद्धानी है, अपने मित्र पवनवेगको अपने अभीष्ट धर्ममें परिवर्तित करना चाहता है और उसे पाटलिपुत्रमें ब्राह्मणोंकी सभामें ले जाता है। उसे इस बातका पक्का विश्वास कर लेना है कि ब्राह्मणवादी मूर्ख मनुष्योंको उन दस

१. अनेकान्त वर्ष ८, कि. १, प. ४८ आदि से साभार उद्धृत।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रेणियोंमें-से किसीमें नहीं हैं जिनके बारेमें दस कहानियाँ सुनाई जाती हैं और जिनकी अन्तिम कथामें चार धूर्तोंकी वे अद्भुत कहानियाँ सम्मिलित हैं, जिनमें असत्य या अतिशयोक्तिसे खूब ही काम लिया गया है। मनोवेग ब्राह्मणवादियोंकी भिन्न-भिन्न सभाओंमें जाकर अपने सम्बन्धमें अविश्वसनीय कथाएँ तथा मूर्खतापूर्ण घटनाएँ सुनाता है। जब वे इनपर आश्चर्य प्रकट करते हैं और मनोवेगका विश्वास करनेके लिए तैयार नहीं होते हैं तो वह महाभारत, रामायण तथा अन्य पुराणोंसे तत्सम कहानियोंका हवाला देकर अपने व्याख्यानोंकी पुष्टिके लिए प्रयत्न करता है। इन समस्त सभाओंमें सम्मिलित होनेसे पवनवेगको विश्वास हो जाता है कि पौराणिक कथाओंका चरित्रचित्रण अस्वाभाविक और असंगत है और इस तरह वह मनोवेगके विश्वासमें पूर्णरीतिसे परिवर्तित हो जाता है।

ग्रन्थका विषय स्पष्टतया तीन भागोंमें विभक्त है। जहाँ कहीं अवसर आया, अमितगतिने जैन सिद्धान्तों और परिभाषाओंका प्रचुरतासे उपयोग करते हुए लम्बे-लम्बे उपदेश इसमें दिये हैं। दूसरे, इसमें लोकप्रिय तथा मनोरंजक कहानियाँ भी हैं जो न केवल शिक्षाप्रद हैं बल्कि जिनमें उच्चकोटिका हास्य भी है और जो बड़ी ही बुद्धिमत्ताके साथ ग्रन्थके सर्वांगमें गुम्फित है। अथ च—अन्तमें ग्रन्थका एक बड़ा भाग पुराणोंकी उन कहानियोंसे भरा हुआ है जिनको अविश्वसनीय बतलाते हुए प्रतिवाद करना है। तथा कहीं सुप्रसिद्ध कथाओंके जैन रूपान्तर भी दिये हुए हैं, जिनसे यह प्रमाणित होता है कि वे कहाँ तक तर्कसंगत हैं।

जहाँ तक अमितगति की अन्य रचनाओं और उनकी धर्मपरीक्षाकी उपदेशपूर्ण गहराईका सम्बन्ध है, यह स्पष्ट है कि वे बहुत विशुद्ध संस्कृत लिख लेते हैं। लेकिन धर्मपरीक्षामें और विशेषतः सुप्रसिद्ध उपाख्यानोंकी गहराईमें हमें बहुत बड़े अनुपातमें प्राकृतपन देखनेको मिलता है। इससे सन्देह होता है कि अमितगति किसी प्राकृत रचनाके ऋणी रहे हैं। पौराणिक कहानियोंकी असंगतिको प्रकाशमें लानेका ढंग इससे पहले हरिभद्रने अपने धूर्ताख्यानमें अपनाया है। ये लोकप्रिय आख्यान, धार्मिक पृष्ठभूमिसे विभक्त करने-पर भारतीय लोकसाहित्यके विशुद्ध अंश हैं और मानवीय मनोविज्ञानके सम्बन्ध में एक बहुत सूक्ष्म अन्तर्दृष्टि-का निर्देश करते हैं।

३. वृत्तविलासकी धर्मपरीक्षा, जो लगभग सन् ११६० की रचना है, कन्नड़ भाषाका एक चम्पू ग्रन्थ है। यह दस अध्यायोंमें विभक्त है। ग्रन्थकारका कहना है कि इस ग्रन्थकी रचना इससे पूर्ववर्ती संस्कृत रचनाके आधारपर की गयी है और तुलना करनेपर हमें मालूम होता है कि इन्होंने अमितगतिका अनुसरण किया है। यद्यपि वर्णनकी दृष्टिसे दोनोंमें अन्तर है, लेकिन कथावस्तु दोनोंकी एक ही है।

यह कन्नड़ धर्मपरीक्षा अब भी हस्तलिखित रूपमें ही विद्यमान है। और प्राक्काव्यमालिकामें प्रकाशित ग्रन्थोंसे मालूम होता है कि वृत्तविलास गद्य और पद्य दोनों ही में बहुत सुन्दर कन्नड़ शैलीमें लिखते हैं।

४. पद्मसागरकी धर्मपरीक्षा जो सन् १६४५ ई. की रचना है, पं. जुगलकिशोरजीके खोजपूर्ण अध्ययनका विषय रही है। वे इसके सम्बन्धमें निम्नलिखित निष्कर्षपर पहुँचे हैं—पद्मसागरने अमितगतिकी धर्मपरीक्षासे १२६० पद्य ज्योंके त्यों उठा लिये हैं। अन्य पद्य भी इधर-उधरके साधारण-से हेर-फेरके साथ ले लिये गये हैं। कुछ पद्य अपने भी जोड़ दिये हैं। इन्होंने सर्गोंका कोई विभाग नहीं रखा है। अमितगतिके नामके समस्त प्रत्यक्ष और परोक्ष उल्लेख बड़ी चतुराईके साथ उड़ा दिये गये हैं। इस तरह पद्मसागरने अपनी रचनामें अमितगतिका कहीं नाम निर्देश तक नहीं किया। इनकी यह साहित्यिक चोरी साम्प्रदायिक दृष्टिबिन्दुको ध्यानमें रखते हुए सफल रूपमें नहीं हुई है और यही कारण है कि इस ग्रन्थमें कुछ इस प्रकारके भी वर्णन हैं जो श्वेताम्बर सिद्धान्तोंके सर्वथा अनुरूप नहीं हैं। इस तरह पद्मसागरने अमितगतिका पूर्णतया अनुसरण ही नहीं किया है, बल्कि उनकी धर्मपरीक्षाकी नकल तक कर डाली है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. इस निबन्धमें हम उन धर्मपरीक्षाओंकी चर्चा नहीं कर रहे हैं जिनकी हस्तलिखित प्रति या संस्करण हमें अबतक प्राप्त नहीं हो सके हैं। यहाँ हम केवल हरिषेणकी धर्मपरीक्षाके सम्बन्धमें प्रकाश डालना चाहते हैं। इस ग्रन्थकी मुख्य विशेषता यह है कि यह ग्रन्थ अपभ्रंश भाषामें है और अमितगतिकी संस्कृत धर्मपरीक्षाके २६ वर्ष पहले इसकी रचना हुई है। वस्तुतः उपलब्ध धर्मपरीक्षा ग्रन्थोंमें यह सर्वप्रथम रचना है। इसके अतिरिक्त इस ग्रन्थमें जयरामकी एक प्राकृत धर्मपरीक्षाका उल्लेख आता है जो इसके पहले की है और जो अबतक प्रकाशमें नहीं आ सकी है।

हरिषेणकृत धर्मपरीक्षा

१. पूनाके भण्डारकर ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टिट्यूटमें हरिषेणकृत धर्मपरीक्षाकी दो हस्तलिखित प्रतियाँ (नं. ६१७, १८७५-७६ की और १००९, १८८७-९१ की) विद्यमान हैं। यद्यपि १००९ की प्रतिपर तिथि नहीं है, किन्तु कागज और लिखावट की दृष्टिसे यह दूसरीकी अपेक्षा आधुनिक प्रतीत होती है। यह प्रति खूब सुरक्षित है, किन्तु इसके ५६ ए., ५७,६९,६९ ए. पन्नोंमें कुछ नहीं लिखा है। और पुस्तककी मूल सामग्रीमें-से कुछ स्थल छूट गया है। नं. ६१७ वाली प्रति आकार-प्रकार में इसकी अपेक्षा पुरानी है। इसकी कोरें फटी हैं, कागज पुराना है और कहीं-कहीं पदि मात्राओंका उपयोग किया गया है। इसमें सं. १५६५ लिखा है और किसी दूसरेके हाथका अपूर्ण रिमार्क भी है जो इस बातको सूचित करता है कि यह प्रति १५३८ से भी प्राचीन है। इसका १३७वाँ पृष्ठ कुछ त्रुटित है और चौथा पृष्ठ गायब है। दोनों प्रतियोंके मिलानेसे सम्पूर्ण ग्रन्थ तैयार हो जाता है और प्रथम सन्धिकी सूक्ष्म तुलनासे प्रतीत होता है, दोनों ही प्रतियाँ सर्वथा स्वतन्त्र हैं—एक दूसरेकी प्रतिलिपि नहीं।

२. यह ग्रन्थ ११ सन्धियोंमें विभक्त है और प्रत्येक सन्धिमें १७ से लेकर २७ कडवक हैं। इस तरह भिन्न-भिन्न सर्गोंमें कडवकोंकी संख्या निम्न प्रकार है—

१ = २०, २ = २४, ३ = २२, ४ = २४, ५ = ३०, ६=१९, ७ = १८, ८=२२, ९=२५, १०= १७, ११ = २७। इस तरह कुल मिलाकर २३८ कड़वक हैं। इनकी रचना भिन्न-भिन्न अपभ्रंश छन्दोंमें है, जिनमें-से कुछ तो खास तौरसे इस ग्रन्थमें रखे गये हैं। कुल पद्य-संख्या, जैसी कि हस्तलिखित प्रतिमें लिखी है, २०७० होती है। सन्धियोंके उपसंहार या पुष्पिकामें लिखा है कि यह धर्मपरीक्षा—धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष-स्वरूप चार पुरुषार्थोंके निरूपणके लिए बुध हरिषेणने बनायी है। उदाहरणके लिए ग्रन्थकी समाप्तिके समयकी सन्धि-पुष्पिका इस प्रकार है—

इय धम्म परिक्खाए चउ वग्गाहिट्ठियाए
बुह हरिषेण-कयाए एयारसमो संधि सम्मत्तो।

३. हरिषेणने अन्य अपभ्रंश कवियोंकी तरह कड़बकोंके आदि और अन्तमें अपने सम्बन्धमें बहुत-सी बातोंका निर्देश किया है। उन्होंने लिखा है कि मेवाड़ देशमें विविध कलाओंमें पारंगत एक हरि नामके महानुभाव थे। यह सिरि-उजउर (सिरि ओजपुर) के धक्कड़ कुल के वंशज थे। इनके एक धर्मात्मा पुत्र था, जिसका नाम गोवड्ढण (गोवर्धन) था। उसकी पत्नीका नाम गुणवती था, जो जैनधर्ममें प्रगाढ़ श्रद्धा रखती थी। उसके हरिषेण नामका एक पुत्र हुआ जो विद्वान् कविके रूपमें विख्यात हुआ। उसने अपने किसी कार्यवश (णियकज्जें) चित्तउडु (चित्रकूट) छोड़ दिया और वह अचलपुर चला आया। वहाँ उसने छन्द और अलंकार शास्त्रका अध्ययन किया और प्रस्तुत धर्मपरीक्षाकी रचना की। प्रासंगिक पंक्तियाँ नीचे उद्धृत की जाती हैं—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सन्धि ११, कड़वक २६

इय मेवाड-देसि-जण-संकुलि, सिरि उजउर-णिग्गय-धक्कड कुलि ।
पाव-करिंद-कुंभ-दारुण-हरि, जाउ कलाहिं कुसलु णामे हरि ।
तासु पुत्त पर-णारि-सहोयरु, गुण-गण-णिहि कुल-गयण-दिवायरु ।
गोवड्ढणु णामे उप्पण्णउ, जो सम्मत्त-रयण-संपुण्णउ ।
तहो गोवड्ढणासु पिय गुण वइ, जा जिणवर-पय णिच्च वि पणवइ ।
ताए जणिउ हरिसेण-णाम सुउ, जो संजाउ विबुह-कइ-विस्सुउ ।
सिरि चित्तउडु चइवि अचलउरहो, गउ णिय-कज्जें जिण-हर-पडरहो ।
तहिं छंदालंकार पसाहिय, धम्मपरिक्ख एह तें साहिय ।
जे मज्झत्थ-मणुय आयण्णहिं, ते मिच्छत्त-भाउ अवगण्णहिं ।
तें सम्मत्त जेण मलु खिज्जइ, केवलणाणु ताण उप्पज्जइ ।

घत्ता—तहो पुणु केवलणाणहो णेय-पमाणहो जीव-पएसहिं सुहडिउ ।
ताहा-रहिउ अणंतउ अइसयवंतउ मोक्ख-सुक्ख-भलु पयडियउ ।

सन्धि ११, कडवक २७—

विक्कम-णिव परिवत्तिय-कालए, ववगयए वरिस-सहस च० लए ।
इय उप्पणु भविय-जण-सुहयरु, डंभ-रहिय-धम्मासव-सरयरु ।

बुध हरिषेणने इस ग्रन्थ की रचनाका कारण इस प्रकार बतलाया है—कि ९० बार मेरे मनमें आया कि यदि कोई आकर्षक पद्य रचना नहीं की जाती है तो मानवीय बुद्धिका प्राप्त होना बेकार है। और यह भी सम्भव है कि इस दिशामें एक मध्यम बुद्धिका आदमी उसी तरह उपहासास्पद होगा, जैसा कि संग्राम-भूमिसे भागा हुआ कापुरुष होता है। फिर भी अपनी छन्द और अलंकार सम्बन्धी कमजोरी जानते हुए भी उन्होंने जिनेन्द्र धर्मके अनुराग और सिद्धसेनके प्रसादसे प्रस्तुत ग्रन्थ लिख ही डाला। इस बातकी झिझक न रखी कि हमारी रचना किस दृष्टिसे देखी जायेगी।

४. हरिषेणने अपने पूर्ववर्तियोंमें चतुर्मुख, स्वयम्भू और पुष्पदन्तका स्मरण किया है। वे लिखते हैं—चतुर्मुखका मुख सरस्वतीका आवासमन्दिर था। स्वयम्भू लोक और अलोकके जाननेवाले महान् देवता थे और पुष्पदन्त वह अलौकिक पुरुष थे जिनका साथ सरस्वती कभी छोड़ती ही नहीं थी। हरिषेण कहते हैं कि इनकी तुलनामें मैं अत्यन्त मन्दमतिका मनुष्य हूँ। पुष्पदन्तने अपना महापुराण सन् ९६५ में पूर्ण किया है। स्वयम्भूकी अपेक्षा चतुर्मुख पूर्ववर्ती हैं।

धर्मपरीक्षा, पहले जयरामने गाथा-छन्दमें लिखी थी और हरिषेणने उसीको पद्धड़िया छन्दमें लिखा है।

उपरिलिखित बातें प्रारम्भके कड़वकमें पायी जाती हैं, जो इस प्रकार हैं—

सन्धि १, कड़वक १ —

सिद्धि-पुरंधिहि कंतु सुद्धें तणु-मण-वयणें । भत्तिय जिणु पणवेवि चिंतिउ वुह-हरिसेणें ॥
मणुय-जम्मि बुद्धिए कि किज्जइ, मणहरु जाइ कव्वु ण रइज्जइ ।
तं करंत अवियाणिय आरिस, हासु लहहिं भड रणिगय पोरिस ।
चउमुहं कव्वविरयणि सयंभुवि, पुप्फयंतु अण्णाणु णिसुंभिवि ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिण्णि वि जोग्ग जेण तं सीयइ, चउमुह-मुहे थिय ताव सरासइ ।
जो सयंभु सा देउ पहाणउ, अह कह लोयालोय-वियाणउ ।
पुप्फयंतु णवि माणुसु वुच्चइ, जो सरसइए कयावि ण मुच्चइ ।
ने एवंविह हउ जडु झांणउ, तह छंदालंकार-विहूणउ
कव्वु करंतु केम णवि लज्जमि, तह विसेस पिय-जणु किह रंजमि ।
तो वि जिणिंद-धम्म-अणुराएं, वुह-सिरि-सिद्धसेण सुपसाएं ।
करमि सयं जि णलिणि-दल-थिउजलु, अणुहरेइ णिरुवमु मुत्ताहलु ।

घत्ता—जा जयरामें आसि विरइय गाह पवंधि ।
साहमि धम्मपरिक्ख सा पद्धड़िया वंधि ॥

मालूम होता है सिद्धसेन हरिषेणके गुरु रहे हैं और इसीलिए सिद्धसेन अन्तिम सर्गमें भी इस प्रकार स्मरण किये गये हैं—

सन्धि ११, कड़वक २५—

घत्ता—सिद्धसेण पय वंदहिं दुक्किउ णिंदहिं जिण हरिसेण णवंता ।
तहिं थिय ते खग-सहयर कय-धम्मायर विविह सुहइं पावंता ॥

दोनों धर्मपरीक्षाओंकी तुलना

इन तथ्योंको ध्यानमें रखते हुए हरिषेण और अमितगतिके ग्रन्थोंका नाम एक ही है और एक रचना दूसरीसे केवल २६ वर्ष पहलेकी है, यह अस्वाभाविक न होगा कि हम दोनों रचनाओंकी विस्तारके साथ तुलना करनेके लिए तत्पर हों । दोनों ग्रन्थोंमें उल्लेखनीय समानता है और जहाँ तक घटनाचक्रके क्रमका सम्बन्ध है अमितगतिकी धर्मपरीक्षाके विभिन्न सर्ग हरिषेणकृत धर्मपरीक्षाकी विभिन्न सन्धियोंकी तुलनामें स्थूल रूपसे विभक्त किये जा सकते हैं—हरि. १=अमित. १,१७–३,४३; हरि. २=अमित., ३,४४-७, १८; हरि. ३=अमित. ७, १९—१०, ५१; हरि. ४=अमित., १०, ५२–१२, २६; हरि, ५=अमित. २१, २७–१३; हरि. ६ । हरिषेणने लोकस्वरूपका जो विस्तृत वर्णन किया है वह उस कोटिका अमितगतिकी रचनामें एक जगह नहीं है । हरि. ७=अमित. १४, १—१५ १७; हरि. ८=अमित. १५, १८ आदि; हरि. ९=अमित. १६, २१ इत्यादि हरि. १०=कल्पवृक्षोंके वर्णनके लिए अमितगतिकी धर्मपरीक्षाका १८वाँ सर्ग देखिए और हरि. ११=अमित. २०, कुछ प्रारम्भिक पद्य ।

कुछ स्थानोंमें ठीक-ठीक समानता इस कारण नहीं मालूम की जा सकती है कि दोनों रचनाओंमें एक ही स्थानपर शिक्षाप्रद और सैद्धान्तिक चर्चाएँ समान कोटिकी नहीं पायी जातीं । लोकस्थितिके जो विवरण हरिषेणने सातवीं सन्धिमें दिये हैं उन्हें अमितगतिने उन्हींके समानान्तर स्थानपर सम्मिलित नहीं किया है और न उन्होंने अपनी रचनामें कहीं भी उतने विस्तारके साथ उन्हें दिया है । हरिषेणने आठवें सर्गके कतिपय कड़वकोंमें रामचरितके सम्बन्धमें कुछ जैन शास्त्रानुसारी कथाएँ लिखी हैं । लेकिन अमितगति इन कथाओंको बिलकुल उड़ा गये हैं । इसी कारण हरिषेणने ११वें सर्गमें अपने सिद्धान्तोंसे अनुरंजित रात्रिभोजन-विरमण-के सम्बन्धमें जो एक विशेष कथा दी थी वह भी उन्होंने कुछ सैद्धान्तिक निरूपणोंके साथ बिलकुल उड़ा दी है, किन्तु आचारशास्त्रके अन्य नियमोंपर उन्हीं प्रकरणोंमें सबसे अधिक उपदेशपूर्ण विवेचन किया है । लेकिन इधर-उधरके कुछ इस प्रकारके प्रकरणोंको छोड़कर अमितगतिको रचनासे कुछ ऐसे पद्योंका निर्देश किया जा सकता है जो हरिषेणके कड़वकोंसे बहुत कुछ मिलते-जुलते हैं । हरिषेणने अपने ग्रन्थका जो ग्यारह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सन्धियोंमें विभाजन किया है इसकी अपेक्षा अमितगतिका अपनी रचनाको २२ सर्गोंमें विभक्त करना अधिक अस्वाभाविक है। जहाँ तक कथानककी घटनाओं और उनके क्रमका सम्बन्ध है दोनों रचनाओंमें बहुत समानता है। विचार एक-से हैं और उन्हें उपस्थित करनेके तरीकेमें भी प्रायः अन्तर नहीं है। नैतिक नियमों, लोकबुद्धिसे पूर्ण हितकर उपदेशों तथा सारगर्भित विवेचनोंके निरूपणमें अमितगति विशेष रूपसे सिद्धहस्त हैं। भोग-विलास तथा सांसारिक प्रलोभनोंकी निन्दा करनेमें वे अधिक वाक्पटु हैं। गृहस्थ और मुनियोंके लिए जैन आचारशास्त्रके नियमानुसार जीवनके प्रधान लक्ष्यको प्रतिपादन करनेका कोई भी अवसर वे हाथ-से नहीं जाने देते। यहाँ तक कि नीरस, सैद्धान्तिक विवेचनोंको भी वे धारावाहिक शैलीमें सजा देते हैं। इस प्रकारके प्रकरणोंके प्रसंगमें हरिषेणकी धर्मपरीक्षाकी अपेक्षा अमितगतिकी रचनामें हमें अधिक विस्तार देखनेको मिलता है। यद्यपि दोनोंका कथानक एक-सा है फिर भी सैद्धान्तिक और धार्मिक विवेचनोंके विस्तारमें अन्तर है।

अमितगतिके वर्णन उच्चकोटिके संस्कृत कलाकारोंकी सालंकार कविताके नमूने हैं, जबकि हरिषेणके वही वर्णन पुष्पदन्त सरीखे अपभ्रंश कवियोंके प्रभावसे प्रभावित हैं। इसलिए नगर आदिके चित्रणमें हमें कोई भी सदृश भावपूर्ण विचार और शब्द दृष्टिगोचर नहीं होते हैं।

यद्यपि मधुबिन्दु दृष्टान्तके वर्णनमें कुछ विभिन्न प्रकार अंगीकार किया गया है। फिर भी उसके विवरण मिलते-जुलते हैं।

यदि उनका परम्परागत सिद्धान्तोंसे समन्वय न किया जाये तो यह सम्भव है कि कुछ प्रकरणोंमें-से एक-सी युक्तियाँ खोज निकाली जायें।

[१] हरिषेण १, १९

तं अवराहं खमदु वराहं। तो हसिऊणं मइवेएणं।
भणियो मित्तो तं परधुत्तो। माया—णेहिय-अप्पाणे हिय।

[१] अमितगति ३, ३६–३७

यत्त्वां धर्ममिव त्यक्त्वा तत्र भद्रं चिरं स्थितः।
क्षमितव्यं ममाशेषं दुर्विनीतस्य तत्त्वया॥
उक्तं पवनवेगेन हसित्वा शुद्धचेतसा।
को धूर्तो भुवने धूर्तैर्वञ्च्यते न वशंवदैः॥

[२] हरिषेण २, ५—

इय दुण्णि वि दुग्गय-तणय-तणं। गिण्हेविणु लक्कड-भारमिणं।
आइय गुरु पूर णिएवि मए। वायउ ण उ जायए वायमए।

[२] अमितगति ३, ८५

तं जगाद खचराङ्गजस्ततो भद्र! निर्धनशरीरभूरहम्।
आगतोऽस्मि तृणकाष्ठविक्रयं कर्तुमत्र नगरे गरीयसि।

[३] हरिषेण २. ११—

णिद्धण जाणेविणु जारएहिं। तप्पिय–आगमणास किएहिं।
मुक्की झड त्ति झाडे वि केम। परिपक्क पंथि थिय वोरि जेम।
णिय-पिय-आगमणु मुणंतियाए। किउ पवसिय-पिय-तिय-वेसु ताए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[३] अमितगति, ४.८४-८५

पत्युरागममवेत्य विटौघैः सा विलुण्ठ्य सकलानि घनानि ।
मुच्यते स्म बदरीदरयुक्तैस्तस्करैरिव फलानि पथिस्था ॥
सा विबुध्य दयितागमकालं कल्पितोत्तमसतीजनवेशा ।
तिष्ठति स्म भवने त्रपमाणा वञ्चना हि सहजा वनितानाम् ॥

[४] हरिषेण २, १५—

भणिउ तेण भो णिसुणहि गइवइ, छाया इव दुगेज्झ महिला-मइ ।

[४] अमितगति ५, ५९—

चौरीव स्वार्थतन्निष्ठा वह्निज्वालेव तापिका ।
छायेव दुर्ग्रहा योषा सन्ध्येव क्षणरागिणी ॥

[५] हरिषेण २, १६—

भणिउ ताय संसारे असारए कोवि ण कासु वि दुह-गरुयारए ।
गुय-मणुएं सहु अत्थु ण गच्छइ सयणु मसाणु जारम अणुगच्छइ ।
धम्माहम्मु णवरु अणुलग्गउ गच्छइ जीवहु सुह-दुह-संगउ ।
इय जाणेवि ताय दाणुल्लउ चित्तिज्जइ सुपत्ते अइभल्लउ ।
इट्ठ देउ णिय-मणि झाइज्जइ सुह-गइ-गमणु जेण पाविज्जइ ।

[५] अमितगति ५, ८२-८५—

तं निजगाद तदीयतनूजस्तात विधेहि विशुद्धमनास्त्वम् ।
कंचन धर्ममपाकृतदोषं यो विदधाति परत्र सुखानि ॥
पुत्रकलत्रधनादिषु मध्ये कोऽपि न याति समं परलोकम् ।
कर्म विहाय कृतं स्वयमेकं कर्त्तुमलं सुखदुःखशतानि ॥
कोऽपि परो न निजोऽस्ति दुरन्ते जन्मवने भ्रमतां बहुमार्गे ।
इत्थमवेत्य विमुच्य कुबुद्धिं तात हितं कुरु किंचन कार्यम् ॥
मोहमपास्य सुहृत्तनुजादौ देहि धनं द्विजसाधुजनेभ्यः ।
संस्मर कंचन देवमभीष्टं येन गतिं लभसे सुखदात्रीम् ॥

अमितगतिका रचना सौष्ठव

अमितगति अपनी निरूपण कलामें पूर्ण कुशल हैं और उनका सुभाषितसंदोह सालंकार कविता और अत्यन्त विशुद्ध शैलीका सुन्दर उदाहरण है। वह संस्कृत भाषाके व्याकरण और कोषपर अपना पूर्णाधिकार समझते हैं और क्रियाओंसे भिन्न-भिन्न शब्दोंकी निष्पत्तिमें उन्हें कोई कठिनाई नहीं मालूम होती। इनकी धर्मपरीक्षामें अनुसन्धान करनेपर बहुत कुछ प्राकृतपन मिलता है। लेकिन अपेक्षाकृत वह बहुत कम है और सुभाषित सन्दोहमें तो उसकी ओर ध्यान ही नहीं जाता। धर्मपरीक्षामें जो प्राकृतका प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। वह केवल कुछ उधारू शब्दों तक ही सीमित नहीं है बल्कि वह अधिकांशमें धातु-सिद्ध शब्दोंके उपयोग तक पहुँच गया है जैसा कि हम कुछ उदाहरणोंसे देख सकते हैं। 'जो धातु-रूपभूत कर्म-कृदन्तके रूपमें उपयुक्त किया है वही बादकी प्राकृतमें करीब-करीब कर्तृरूपमें व्यवहृत हुआ है। और यह ध्यान देनेकी बात है कि द्विवचन और बहुवचनमें आज्ञासूचक लकारके स्थानमें स्वार्थसूचक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लकारका उपयोग किया गया है। उत्तरवर्ती प्राकृतमें भी इस प्रकारके कुछ तत्सम प्रयोग दृष्टिगोचर होते हैं। साथ ही एक और वास्तविक स्थिति यह है कि अमितगतिने अनायास ही जिन प्राकृत शब्दोंका उपयोग किया है, उनके स्थानपर संस्कृत शब्दोंको वह आसानीसे काममें ले सकते थे। मिरोनो तो इस निष्कर्षपर पहुँचे हैं कि प्रस्तुत रचनाके कुछ अध्याय किसी प्राकृत मूल ग्रन्थके आधारसे तैयार किये गये हैं। छौहारा (७–६३) और संकारतमठ (७–१०) जैसे उपयुक्त नाम इस बातको पुष्ट करते हैं कि कुछ कथाएँ अवश्य ही किसी मूल प्राकृत रचनासे ली गयी हैं। एक स्थानपर इन्होंने संस्कृत योषा शब्दकी शाब्दिक व्युत्पत्ति बतायी है और उनके इस उल्लेखसे ही मालूम होता है कि वे किसी मूल प्राकृत रचनाको ही फिरसे लिख रहे हैं। अन्यथा संस्कृतके योषा शब्दको जुष्-जोष् जैसी क्रियासे सम्पन्न करना अमितगतिके लिए कहाँ तक उचित है ? वे पद्य निम्न प्रकार हैं—

यतो जोषयति क्षिप्रं विश्वं योषा ततो मता ।
विदधाति यतः क्रोधं भामिनी भण्यते ततः ॥
यतश्छादयते दोषैस्ततः स्त्री कथ्यते बुधैः ।
विलीयते यतश्चित्तमेतस्यां विलया ततः ॥

उपरि लिखित संकेत इस निर्णयपर पहुँचनेके लिये पर्याप्त हैं कि अमितगतिने किसी मूल प्राकृत रचनाके सहारे अपनी रचना तैयार की है। इसमें सन्देह नहीं कि उपदेशपूर्ण विवेचनोंमें उन्होंने स्वयं ही स्वतन्त्र रूपसे लिखा है। हमें ही नहीं, बल्कि अमितगतिको भी इस बातका विश्वास था कि उनका संस्कृत भाषापर अधिकार है। उन्होंने लिखा है कि मैंने धर्मपरीक्षा दो महीनेके भीतर और अपनी संस्कृत आराधना चार महीनेके भीतर लिखकर समाप्त की है। यदि इस प्रकारका कोई आशु कवि प्राकृतके ढाँचेका अनुसरण करता हुआ संस्कृतमें उन रचनाओंको तैयार करता है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। इसके साथ ही अमितगति मुञ्ज और भोजके समकालीन थे, जिन्होंने अपने समयकी संस्कृत-विद्याको बड़ा अवलम्ब या प्रोत्साहन दिया था। उनकी आराधना इतनी अच्छी है जैसे कि वह शिवार्यकी प्राकृत आराधनाका निकटतम अनुवाद हो और उनका पंचसंग्रह प्रधानतः प्राकृत[1] पंचसंग्रहके आधारपर ही तैयार किया गया है जो एक हस्तलिखित रूपमें उपलब्ध हुआ है और जिसे कुछ ही दिन हुए पं. परमानन्दजीने प्रकाशमें लाया है। इस प्रकार अमितगतिने अपनी संस्कृत धर्मपरीक्षाकी रचना किसी पूर्ववर्ती मूलप्राकृत रचनाके आधारपर की है, इसमें हर तरहकी सम्भावना है।

हरिषेणकी अपभ्रंश धर्मपरीक्षा

जो अमितगतिकी धर्मपरीक्षासे २६ वर्ष पहले लिखी गयी है और विवरण तथा कथावस्तुकी घटनाओंके क्रमकी दृष्टिसे जिसके साथ अमितगति पूर्णरूपसे एकमत हैं—को प्रकाशमें लानेके साथ ही इस प्रश्नपर विचार करना आवश्यक है कि क्या अमितगति अपने कथानकके लिये हरिषेणके ऋणी हैं ? इस सम्बन्धमें हरिषेणने जो एक महत्त्वपूर्ण बात बतलायी है वह हमें नहीं भूल जानी चाहिए। उन्होंने लिखा है कि जो रचना जयरामकी पहलेसे गाथाछन्दमें लिखी थी उसीको मैंने पद्धरिया छन्दमें लिखा है। इसका अर्थ है कि हरिषेणके सामने भी एक धर्मपरीक्षा थी जिसे जयरामने गाथाओंमें लिखा था और जिसकी भाषा महाराष्ट्री या शौरसेनी रही होगी। जहाँ तक मेरी जानकारी है, इस प्राकृत धर्मपरीक्षाकी कोई भी प्रति प्रकाशमें नहीं आयी है और न यह कहना सम्भव है कि यह जयराम उस नामके

१. अब भारतीय ज्ञानपीठसे प्रकाशित।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्य ग्रन्थकारोंमें-से थे जिन्हें हम जानते हैं। जबतक यह रचना उपलब्ध नहीं होती है और इसकी हरिषेण और अमितगतिकी उत्तरवर्ती रचनाओंसे तुलना नहीं की जाती है, इस प्रश्नका कोई भी परीक्षणीय (Tentative) बना रहेगा। हरिषेणने जिस ढंगसे पूर्ववर्ती धर्मपरीक्षाका निर्देश किया है उससे मालूम होता है कि उनकी प्रायः समस्त सामग्री जयरामकी रचनामें मौजूद थी। इससे हम स्वभावतः इस निर्णयपर पहुँचते हैं कि धर्मपरीक्षाकी सम्पूर्ण कथावस्तु जयरामसे ली हुई होना चाहिए और इस तरह अमितगति हरिषेणके ऋणी हैं यह प्रश्न ही नहीं उठता। यह अधिक सम्भव है अमितगतिने अपनी धर्मपरीक्षाकी रचना जयरामकी मूल प्राकृत रचनाके आधारपर की हो, जैसे कि उन्होंने अपने पंचसंग्रह और आराधनाकी रचना प्राकृतके पूर्ववर्ती उन-उन ग्रन्थोंके आधारपर की है। संस्कृत रचनाके लिए अपभ्रंश मूलग्रन्थका उपयोग करनेकी अपेक्षा प्राकृतमूल (महाराष्ट्री या शौरसेनी) का उपयोग करना सुलभ है।

७. उपर्युक्त प्रश्नके उत्तरके प्रसंगमें मैं प्रस्तुत समस्यापर कुछ और प्रकाश डालना चाहता हूँ। अमितगतिकी धर्मपरीक्षामें इस प्रकारके अनेक वाक्यसमूह हैं, जिनमें हम प्रत्यक्ष प्राकृतपन देख सकते हैं। यदि यह प्राकृतपन हरिषेणकी धर्मपरीक्षामें भी पाया जाता तो कोई ठीक निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता, क्योंकि उस स्थितिमें हरिषेण और अमितगति—दोनों की ही रचनाएँ जयरामकी रचनानुसारी होतीं। लेकिन यदि यह चीज प्रसंगानुसार हरिषेणकी रचनामें नहीं है तो हम कह सकते हैं कि अमितगति किसी अन्य पूर्ववर्ती प्राकृत रचनाके ऋणी हैं और सम्भवतः वह जयरामकी है। यहाँपर इस तरहके दोनों रचनाओंके कुछ प्रसंग साथ-साथ दिये जाते हैं—

(१) अमितगतिने ३,६ में 'हट्ट' शब्दका उपयोग किया है।

(१) स्थानोंकी तुलनात्मक गिनती करते हुए हरिषेणने इस शब्दका उपयोग नहीं किया है। देखिए १, १७।

(२) अमितगतिने ५, ३९ और ७, ५ में जेम् धातुका उपयोग किया है जो इस प्रकार है—

ततोऽवादीन्नृपो नास्य दीयते यदि भूषणम्।
न जेमति तदा साधो सर्वथा किं करोम्यहम्॥

[२] तुलनात्मक उद्धरणको देखते हुए हरिषेणने कड़वक ११-१४ में इस क्रियाका उपयोग नहीं किया है। तथा दूसरे उद्धरण (११-२४) में उन्होंने भुज् क्रियाका व्यवहार किया है—

ता दुद्धरु पभणइ णउ भुंजइ, जइ तहोणउ आहरणउ दिज्जइ।

[३] अमितगतिने (४, १६ में) योषा शब्दका इस प्रकार शाब्दिक विश्लेषण किया है—

यतो जोषयति क्षिप्रं विश्वं योषा ततो मता।
विदधाति यतः क्रोधं भामिनी भण्यते ततः॥

[३] इसमें सन्देह नहीं है कि अमितगतिकी यह शाब्दिक व्युत्पत्ति प्राकृतके मूल ग्रन्थके आधारपर की गयी है, लेकिन हरिषेणने तुलनात्मक प्रसंगमें इस प्रकारकी कोई शाब्दिक व्युत्पत्ति नहीं की है। देखो २, १८।

[४] अमितगतिने 'ग्रहिल' शब्दका प्रयोग किया है। देखो १३, २३।

[४] हरिषेणने तुलनात्मक उद्धरणमें 'ग्रहिल शब्दका प्रयोग नहीं किया है।

[५] अमितगतिने (१५, २३ में) 'कचरा' शब्दका प्रयोग किया है।

[५] तुलनात्मक कडवक (८, १) में हरिषेणने इय शब्दका प्रयोग नहीं किया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उल्लिखित परीक्षणसे इस सम्भावनाका पर्याप्त निरसन हो जाता है कि अमितगतिने अकेली अपभ्रंश रचनाके आधारपर ही अपनी रचनाका निर्माण किया है। इसके सिवाय यत्र तत्र हमें कुछ विचित्रताएँ ही मालूम होती हैं। हरिषेण-ने (१-८ में) विजयपुरी (अपभ्रंश, विजयउरी) नगरीका नाम दिया है, लेकिन अमितगतिने उसी वाक्य समूहमें उसका नाम प्रियपुरी रखा है। दूसरे प्रकरणमें हरिषेणने (२-७ में) मंगलउ ग्रामका नाम दिया है, जबकि अमितगतिने (४, ८ में) उसे संगालो पढ़ा है। मैं नीचे उन उद्धरणोंको दे रहा हूँ। मुझे तो मालूम होता है कि अमितगति और हरिषेणके द्वारा मूल प्राकृतके उद्धरण थोड़े-से हेरफेरके साथ समझ लिये गये हैं।

हरिषेणकृत धर्मपरीक्षा २, ७—

तो मणवेउ भणइ सुक्खालउ, अत्थि गामु मलए मंगालउ।
भमरु णाम तहि णिवसइ गिहवइ, तासु पुत्तु णामे महुयरगइ।

अमितगति धर्मपरीक्षा ४, ७वीं-८—

उवाचेति मनोवेगः श्रूयतां कथयामि वः।
देशो मलयदेशोऽस्ति संगालो गलितासुखः।
तत्र गृहपतेः पुत्रो नाम्ना मधुकरोऽभवत्॥

उपरिलिखित तर्कोंको ध्यानमें रखते हुए यह निष्कर्ष युक्तिसंगत होगा कि हरिषेण और अमितगति दोनों हीने अपने सामने किसी उपलब्ध मूलप्राकृत रचनाके सहारे ही अपनी रचनाका निर्माण किया है और जहाँ तक उपलब्ध तथ्योंका सम्बन्ध है यह रचना जयरामकी प्राकृत धर्मपरीक्षा रही होगी। जहाँ हरिषेणने अपनी रचनाके मूलस्रोतका स्पष्ट संकेत किया है, वहाँ अमितगति उस सम्बन्धमें बिलकुल मौन हैं। यदि कुछ साधारण उद्धरण, जैसे पैराग्राफ नं. सी में नोट किये गये हैं खोज निकाले जायें तो इसका यही अर्थ होगा कि वे किसी साधारण मूलस्रोतसे ज्योंके त्यों ले लिये गये हैं। चूंकि अमितगति अपने मूलस्रोतके बारे-में बिलकुल मौन हैं इसलिए हम सिद्धान्तरूपसे नहीं कह सकते हैं कि अमितगतिने अपनी पूर्ववर्ती मूल प्राकृत रचनाके सिवाय प्रस्तुत अपभ्रंश रचनाका भी उपयोग किया है।

८. धर्मपरीक्षाका प्रधान भाग पौराणिक कथाओंके अविश्वसनीय और असम्बद्ध चरित्रचित्रणसे भरा पड़ा है। और यह युक्त है कि पुराणों और स्मृतियोंके पद्य पूर्वपक्षके रूपमें उद्धृत किये जाते। उदाहरणके लिए जिस तरह हरिभद्रने अपने प्राकृत धूर्ताख्यानमें संस्कृत पद्योंको उद्धृत किया है। इस बातकी पूर्ण सम्भावना है कि जयरामने भी अपनी धर्मपरीक्षामें यही किया होगा। हरिषेणकी धर्मपरीक्षामें भी एक दर्जनसे अधिक संस्कृतके उद्धरण हैं और तुलनामें अमितगतिकी धर्मपरीक्षाके उद्धरणोंकी अपेक्षा अधिक मूल्यवान् हैं, क्योंकि अमितगतिने इन पद्योंका मनचाही स्वतन्त्रताके साथ उपयोग किया है। एक प्राकृत और अपभ्रंशका लेखक उन्हें उसी तरह रखता, जैसे कि वे परम्परासे चले आ रहे थे। लेकिन जो व्यक्ति अपनी रचना संस्कृतमें कर रहा है वह उन्हें अपनी रचनाका ही एक अंग बनानेकी दृष्टिसे उनमें यत्र-तत्र परिवर्तन कर सकता है। अमितगतिने इन पद्योंको 'उक्तं च' आदिके साथ नहीं लिखा है। हम नीचे हरिषेणके द्वारा उद्धृत किये गये ये पद्य दे रहे हैं और साथमें अमितगतिके पाठान्तर भी। इससे मूलका पता लगाना सुलभ होगा। यह ध्यान देनेकी बात है कि इनमें-के कुछ पद्य सोमदेवके यशस्तिलक-चम्पू (ई. स. ९५९) में भी उद्धरणके रूपमें विद्यमान हैं।

[१] हरिषेणकृत धर्मपरीक्षा ४, १ पृ. २२ नं. १००९ वाली हस्तलिखित प्रति—तथा चोक्तम्—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मत्स्यः कूर्मो वराहश्च नारसिंहोऽथ वामनः ।
रामो रामश्च कृष्णश्च बुद्धः कल्की च ते दश ॥
अक्षराक्षरनिर्मुक्तं जन्ममृत्युविवर्जितम् ।
अव्ययं सत्यसंकल्पं विष्णुध्यायी न सीदति ॥

इन दो पद्योंको अमितगतिने निम्नलिखित रूपमें दिया है—

व्यापिनं निष्कलं ध्येयं जरामरणसूदनम् ।
अच्छेद्यमव्ययं देवं विष्णुं ध्यायन्न सीदति ॥
मोनः कूर्मः पृथुःपोत्री नारसिंहोऽथ वामनः ।
रामो रामश्च कृष्णश्च बुद्धः कल्की दश स्मृताः ॥ १०, ५८-९ ।

[२] हरिषेणकी धर्मपरीक्षा, ४, ७ पृ. २४—

अपुत्रस्य गतिर्नास्ति स्वर्गो नैव च नैव च ।
तस्मात् पुत्रमुखं दृष्ट्वा पश्चाद्भवति भिक्षुकः ॥

अमितगतिका पद्य निम्न प्रकार है—

अपुत्रस्य गतिर्नास्ति स्वर्गो न च तपो यतः ।
ततः पुत्रमुखं दृष्ट्वा श्रेयसे क्रियते तपः ॥

[३] हरिषेणकृत ध. प. ४, ७ पृ. २४—

नष्टे मृते प्रव्रजिते क्लीबे च पतिते पतौ ।
पञ्चस्वापत्सु नारीणां पतिरन्यो विधीयते ॥

उल्लिखित पद्यसे अमितगतिके इस पद्यके साथ तुलना की जा सकती है—

पत्यौ प्रव्रजिते क्लीबे प्रणष्टे पतिते मृते ।
पञ्चस्वापत्सु नारीणां पतिरन्यो विधीयते ॥ ११, १२

[४] हरिषेणकृत ध. प. ४, ९ पृ. २४ ए.—

का त्वं सुन्दरि जाह्नवी किमिह ते भर्ता हरो नन्वयं
अभ्यस्त्वं किल वेद्मि मन्मथरसं जानात्ययं ते पतिः ।
स्वामिन् सत्यमिदं न हि प्रियतमे सत्यं कुतः कामिनां
इत्येवं हरजाह्नवी गिरिसुता संजल्पनं पातु वः ॥

अमितगतिकी रचनामें इस पद्यकी तुलनाका कोई पद्य नहीं मिला ।

[५] हरिषेणकी ध. प. ४, १२ पृ. २५ ए—

अङ्गुल्या कः कपाटं प्रहरति कुटिले माधवः किं वसन्तो
नो चक्री किं कुलालो नहि धरणिधरः किं द्विजिह्वः फणीन्द्रः ।
नाहं घोराहिमर्दी किमसि खगपतिर्नो हरिः किं कपीशः
इत्येवं गोपबध्वा चतुरमभिहितः पातु वश्चक्रपाणिः ॥

अमितगति इस कोटिका कोई पद्य प्राप्त नहीं कर सके ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[६] हरिषेण ध. प. ५, ९ पृ. ३९ ए—तथा चोक्तं तेन—

अश्रद्धेयं न वक्तव्यं प्रत्यक्षमपि यद्भवेत् ।
यथा वानरसंगीतं तथा सा प्लवते शिला ॥

अमितगतिके इन पद्योंसे भी यही अर्थ निकलता है—

यथा वानरसंगीतं त्वयादर्शि वने विभो ।
तरन्ती सलिले दृष्टा सा शिलापि मया तथा ॥
अश्रद्धेयं न वक्तव्यं प्रत्यक्षमपि वीक्षितम् ।
जानानैः पण्डितैर्नूनं वृत्तान्तं नृपमन्त्रिणोः ॥ १२,७२-३

[७] हरिषेण—ध. प., ५, १७ पृ. ३४—

भो भो भुजङ्गतरुपल्लवलोलजिह्वे, बन्धूकपुष्पदलसन्निभलोहिताक्षे ।
पृच्छामि ते पवनभोजनकोमलाङ्गी, काचित्त्वया शरदचन्द्रमुखी न दृष्टा ॥

अमितगतिकी रचनामें इसकी तुलनाका कोई पद्य नहीं है ।

[८] हरिषेणकृत ध. प. ७, ५ पृ. ४३—

अद्भिर्वाचापि दत्ता या यदि पूर्ववरो मृतः ।
सा चेदक्षतयोनिः स्यात्पुनः संस्कारमर्हति ॥

यद्यपि अर्थमें थोड़ा-सा अन्तर है फिर भी उपरिलिखित पद्यकी अमितगतिके अधोलिखित पद्यसे तुलना की जा सकती है ।—

एकदा परिणीतापि विपन्ने दैवयोगतः ।
भर्तर्यक्षतयोनिः स्त्री पुनः संस्कारमर्हति ॥ १४, ३८

[९] हरिषेण—ध. प. पृ., ४३—

अष्टौ वर्षाण्युदीक्षेत ब्राह्मणी पतितं पतिम् ।
अप्रसूता च चत्वारि परतोऽन्यं समाचरेत् ॥

अमितगतिका पद्य (१४, ३९) निम्न प्रकार है—

प्रतीक्षेताष्टवर्षाणि प्रसूता वनिता सती ।
अप्रसूतात्र चत्वारि प्रोषिते सति भर्त्तरि ॥

[१०] हरिषेण—ध. प. ७, ८ पृ. ४३ ए—

पुराणं मानवो धर्मः साङ्गो वेदश्चिकित्सकम् ।
आज्ञासिद्धानि चत्वारि न हन्तव्यानि हेतुभिः ॥

अमितगतिकी धर्मपरीक्षा (१४, ४९) में यह पद्य एक-सा है ।

[११] हरिषेण—ध. प. पृ. ४३ ए.—

मानवं व्यासवाशिष्ठं वचनं वेदसंयुतम् ।
अप्रमाणं तु यो ब्रूयात् स भवेद् ब्रह्मघातकः ॥

अमितगतिका तुलनात्मक पद्य (१४, ५०) इस प्रकार है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मनुव्यासवसिष्ठानां वचनं वेदसंयुतम् ।
अप्रमाणयतः पुंसो ब्रह्महत्या दुरुत्तरा ॥

[१२] हरिषेण—ध. प. ८, ६ पृ. ४९—

गतानुगतिको लोको न लोकः परमार्थिकः ।
एश्य लोकस्य मूर्खत्वं हारितं ताम्रभाजनम् ॥

अमितगतिका पद्य प्रथम पुरुषमें है—

दृष्टानुसारिभिर्लोकैः परमार्थविचारिभिः ।
तथा स्वं हार्यते कार्यं यथा मे ताम्रभाजनम् ॥ १५, ६४

[१३] हरिषेण—ध. प. ९, २५ पृ. ६१—

प्राणाघातान्निवृत्तिः परधनहरणे संयमः सत्य वाक्यं ।
काले शक्त्या प्रदानं युवतिजनकथामूकभावः परेषाम् ॥
तृष्णास्रोतोविभङ्गो गुरुषु च विनतिः सर्वसत्वानुकम्पा ।
सामान्यं सर्वशास्त्रेष्वनुपहतमतिः श्रेयसामेष पन्था ॥

यह पद्य भर्तृहरिके नीतिशतकसे लिया गया है । (नं. ५४)

अमितगतिने इस प्रकारके विचार विभिन्न प्रकरणोंमें व्यक्त किये हैं । लेकिन इस प्रसंगमें हमें कोई तुलनात्मक पद्य इस कोटिका नहीं मिला है ।

[१४] हरिषेण–ध. प. १०, ९ पृ. ६४—

(१) स्वयमेवागतां नारीं यो न कामयते नरः ।
ब्रह्महत्या भवेत्तस्य पूर्वं ब्रह्मावदीदिदम् ॥
(२) मातरमुपैहि स्वसारमुपैहि पुत्रार्थी न कामार्थी ।

अमितगतिकी रचनामें उल्लिखित कोटिके कोई उल्लेख नहीं हैं ।

१०. हरिभद्रसूरिका (सन् लगभग ७००-७७०) प्राकृतका धूर्ताख्यान प्राकृत और संस्कृतके धर्मपरीक्षा ग्रन्थोंमें उपस्थित साहित्यके अग्रवर्ती रूपका सुन्दर उदाहरण है । इन रचनाओंका लक्ष्य पौराणिक कथाओंके अविश्वसनीय चरित्र-चित्रणका भण्डाफोड़ करना है । हरिभद्र अपने उद्देश्यमें अत्यन्त बुद्धिपूर्ण ढंग पर सफल हुए हैं । कथानक बिलकुल सीधा-सादा है । पाँच धूर्त इकट्ठे होते हैं और वे निश्चय करते हैं कि प्रत्येक अपना-अपना अनुभव सुनावे । जो उनको असत्य कहेगा उसे सबको दावत देनी पड़ेगी और जो पुराणोंसे तत्सम घटनाओंको सुनाता हुआ उसे सर्वोत्तम सम्भव तरीकेपर निर्दोष प्रमाणित करेगा वह धूर्तराज समझा जायेगा । प्रत्येक धूर्त को मनोरंजक और ऊटपटांग अनुभव सुनाना है जिनकी पुष्टि उनका कोई साथी पुराणोंसे तत्सम घटनाओंका उल्लेख करता हुआ करता है । आख्यान केवल रोचक ही नहीं है, बल्कि विविध पुराणोंके विश्वसनीय चरित्र-चित्रणके विरुद्ध एक निश्चित पक्ष भी जागृत करता है । हरिभद्रने जैनधर्मके पक्षका अभिनय जानबूझकर नहीं किया है, यद्यपि उन्होंने ग्रन्थके अन्त तक पहुँचते-पहुँचते इस बातका संकेत कर दिया है (१२०–२१) । पुराणोंके विरुद्ध हरिभद्रका आक्रमण विवाद-रहित और सुझावपूर्ण है, जबकि धर्मपरीक्षाके रचनाकारों—हरिषेण और अमितगतिने इसे अत्यन्त स्पष्ट और तीव्र कर दिया है । दोनोंने आक्रमणके साथ ही जैन आध्यात्मिक और आचार सम्बन्धी बातोंका प्रतिपादन बहुत जोरके साथ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किया है। हरिभद्रने पुराणोंकी कल्पित कथाओंके भवनको बड़े ही विनोदके साथ छिन्न-भिन्न किया है, लेकिन हरिषेण और अमितगति तो इससे कुछ कदम इतने आगे बढ़ गये हैं कि उन्होंने उनके स्थानपर जैन-उपदेशोंके गगनचुम्बी महल ही खड़े कर देने चाहे हैं। जयरामकी रचनाके विशुद्ध जैन वर्णनोंका ठीक परिमाण हमें मालूम नहीं है, लेकिन हरिषेणने उन्हें खूब रखा है और अमितगतिने तो हद ही कर दी है।

इसमें सन्देह नहीं कि धर्मपरीक्षाके प्रथम कलाकार—जो मेरी समझसे जयराम हैं—को धूर्ताख्यान या इसके अन्य किसी मूलग्रन्थकी जानकारी अवश्य रही होगी। उद्देश्य और लक्ष्य एक है। लेकिन रचनाएँ भिन्न-भिन्न तरीकेपर सम्पादित की गयी हैं। कथानकके मुख्य कथाके पात्र, स्थितियाँ, सम्बन्ध और कथावस्तुका ढाँचा—सब कुछ धूर्ताख्यानमें उपलब्ध इन वस्तुसे विभिन्न हैं। दस अन्तर्कथाएँ और चार मूर्खों-की कथाएँ, जो धर्मपरीक्षामें ग्रथित हैं इस बातको निश्चित रूपसे बताती हैं कि इसमें धूर्ताख्यान-जैसे अन्य ग्रन्थोंका जरूर उपयोग किया गया है। अमितगतिकी धर्मपरीक्षामें कुछ अप्रमाणिक कथाएँ हैं जो प्रस्तुत धर्मपरीक्षाकी कथाओंसे मिलती-जुलती हैं। उदाहरणके लिए हाथीकमण्डलु (अभि. ध. १-१७ आदि और ध. प. १२-७७ आदि) की उपकथा तथा उस विच्छिन्न सिरकी उपकथा जो वृक्षपर फल खा रहा है (अ. ध. ३, १७ आदि और ध. प. १६-३४ आदि) इत्यादि। यत्र-तत्र वही एक-सी पौराणिक कथाएँ दृष्टिगोचर होती हैं। जैसे कि इन्द्र-अहिल्याकी, अग्निको भक्षण करती हुई यमपत्नीकी और ब्रह्मा-तिलोत्तमा की उपकथा आदि। लेकिन उपरिनिर्दिष्ट पौराणिक विवरण जो साधारण अप्रमाणिक कथाओंकी पुष्टिमें उपस्थित किये गये हैं, दोनों धर्मपरीक्षाओंमें एक-से नहीं पाये जाते हैं। इसका यह आशय है कि जयराम और उनके अनुयायी—हरिषेण और अमितगति—ने ऊटपटांग कथाओं और अविश्वसनीय विवरणोंके लिए पुराणोंकी स्वतन्त्रताके साथ खूब छानबीन की है। जो हो, अमितगतिकी धर्मपरीक्षा और हरिषेणकी धर्मपरीक्षा दोनों ही रुचिकर और शिक्षाप्रद भारतीय साहित्यके सुन्दर नमूने हैं। पुराणपन्थके उत्साही अनुयायियोंको एक तीखा ताना इन रचनाओंसे मिल सकता है। किन्तु भारतीय साहित्यके निष्पक्ष विद्यार्थी-पर उसका अधिक असर नहीं पड़ेगा; क्योंकि उसके लिए कल्पनाकी प्रत्येक दृष्टि अतीतकी उस महान् साहित्यिक निधिको और अधिक समृद्ध करती है जो उसे विरासतमें मिली है।

—(स्व.) डॉ. ए. एन. उपाध्ये

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्री

अमितगति-विरचिता

धर्मपरीक्षा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[१]

श्रीमान्नभस्वत्त्रयतुङ्गशालं जगद्गृहं बोधमयप्रदीपः ।
समन्ततो द्योतयते यदीयो भवन्तु ते तीर्थकराः श्रिये नः ॥१
कर्मक्षयानन्तरमर्थनीयं विविक्तमात्मानमवाप्य पूतम् ।
त्रैलोक्यचूडामणयोऽभवन्ये भवन्तु मुक्तौ मम मुक्तये ते ॥२
वचोंशुभिर्भव्यमनःसरोजं निद्रां न यैर्बोधितमेति भूयः ।
कुर्वन्तु दोषोदयनोदिनस्ते चर्यामगर्ह्यां मम सूरिसूर्याः ॥३

अर्थबोधकटिप्पण्यः—१) १. उद्द्योतलक्ष्मीवान्; क श्रीर्विद्यते यस्यासौ । २. वातत्रयं—घनवात-घनोदधिवात-तनुवातत्रयम्; क नभस्वत्त्रयमेव तुङ्गः शालो यस्य स तम् । ३. त्रि[त्रै]लोक्यगृहम् । ४. केवलज्ञानदीपः; क ज्ञानमयः । ५. युगपत् सर्वत्र; क सामस्त्येन । ६. उद्द्योतं प्रगटीकरोति; क प्रकाशयते । ७. येषां तीर्थकराणाम्; क यस्य अयं यदीयः । ८. अस्माकं कल्याणाय ।

२) १. क प्रकटमात्मस्वरूपम् । २. क प्राप्य । ३. क पवित्रम् । ४. सिद्धपरमेष्ठिनः; क सिद्धाः ।

३) १. क वचनकिरणैः । २. संकोचम् । ३. विकासितम् । ४ क पुनः । ५. रात्रिदोष । ६. आचरणम्; क चरित्रम् । ७. अनिन्दितम्; क अनिन्द्याम् । ८. आचार्यसूर्याः ।

[हिन्दी अनुवाद]

जिनका प्रकाशरूप लक्ष्मीसे सम्पन्न ज्ञानरूपी दीपक तीन वातवलयरूप उन्नत तीन कोटोंसे वेष्टित ऐसे लोकरूप घरको सब ओरसे प्रकाशित करता है वे तीर्थंकर भगवान् हम सबके लिये लक्ष्मीके कारण होवें । अभिप्राय यह है कि तीर्थंकरोंका अनन्त ज्ञान तीनों लोकोंके भीतर स्थित समस्त पदार्थोंको इस प्रकारसे प्रकाशित करता है जिस प्रकार कि दीपक एक छोटे-से घरके भीतर स्थित वस्तुओंको प्रकाशित करता है । इस प्रकार उन तीर्थंकरोंका स्मरण करते हुए ग्रन्थकर्ता श्री अमितगति आचार्य यहाँ यह प्रार्थना करते हैं कि उनकी भक्तिके प्रसादसे हम सबको भी उसी प्रकारकी ज्ञानरूप लक्ष्मी प्राप्त हो ॥१॥

जो सिद्ध परमेष्ठी कर्मक्षयके पश्चात् प्रार्थनीय, निर्मल एवं पवित्र आत्मस्वरूपको प्राप्त करके तीनों लोकके चूडामणि (शिरोरत्न) के समान हो गये हैं—लोकके ऊपर सिद्धक्षेत्रमें जा विराजे हैं—वे मेरे लिए मुक्तिके साधक होवें ॥२॥

जिन आचार्यरूपी सूर्योंके द्वारा अपने वचनोंरूप किरणोंसे प्रबोधित किया गया भव्य जीवोंका मनरूपी कमल फिरसे निद्राको प्राप्त नहीं होता है, दोषोदयको नष्ट करनेवाले वे आचार्यरूपी सूर्य मेरी अनिन्दनीय (निर्मल) चर्याको करें ॥ विशेषार्थ—यहाँ आचार्योंमें

पाठभेदाः—१) ब ड इ बोधमयः । २) क ड इ °मर्च्चनीयं; ब त्रिलोकचूडा°; क °मणयो बभूवुर्भं°, इ °मणयो भवन्ति । ३) इ न वै बोधित° ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शरीरजानामिव[1] भाक्तिकानामनुग्रहार्थं[2] पितरो धनानि ।
यच्छन्ति[3] शास्त्राण्युपसेदुषां[4] ये ते ऽध्यापका मे विधुनन्तु[5] दुःखम् ॥४
कदर्थिताशेषजगत्त्रयं ये विदारयन्ते शमशीलशस्त्रैः ।
कषायशत्रुं मम साधुयोधाः कुर्वन्तु ते सिद्धिवधूवरत्वम् ॥५
यस्याः प्रसादेन विनीतचेता[1] दुर्लङ्घ्यशास्त्रार्णवपारमेति ।
सरस्वती मे विदधातु सिद्धिं सा चिन्तितां कामदुघेव धेनुः ॥६

४) १. यथा पुत्राणां भक्तानाम्; क पुत्राणाम् । २. उपकारार्थम् । ३. ददति । ४. समीपवर्तिनां शिष्याणाम् । ५. विध्वंसनं कुरु [कुर्वन्तु]; क दूरीकुर्वन्तु ।

५) १. क पीडिताः ।

६) १. शास्त्रे एकलोलीचित्तः, शास्त्राभ्यासी पुमान् ।

सूर्योंका अध्यारोप करते हुए यह बतलाया है कि जिस प्रकार सूर्य अपनी किरणोंके द्वारा कमलोंको विकसित किया करता है उसी प्रकारसे आचार्य अपने वचनों (समीचीन उपदेश) के द्वारा भव्य जीवोंके मनको विकसित (आह्लादित) किया करते हैं। तथा सूर्य जैसे दोषोदयको (रात्रिके उदयको) नष्ट करता है वैसे ही आचार्य भी उस दोषोदयको—दोषोंकी उत्पत्तिको—नष्ट किया करते हैं। फिर भी सूर्यकी अपेक्षा आचार्यमें यह विशेषता देखी जाती है कि सूर्य जिन कमलोंको दिनमें विकसित करता है वे ही रातमें निद्रित (मुकुलित) हो जाते हैं, परन्तु आचार्य जिन भव्य जीवोंके मनको धर्मोपदेशके द्वारा विकसित (प्रफुल्लित) करते हैं उनका मन फिर कभी निद्रित (विवेकरहित) नहीं होता है—वह सदा सन्मार्गमें प्रवृत्त रहता है। इस प्रकार आचार्यके स्वरूपका विचार करके ग्रन्थकार उनसे यह प्रार्थना करते हैं कि जिस प्रकार सूर्य उदयको प्राप्त होता हुआ मार्गको दिखलाकर पथिक जनोंके गमनागमनमें सहायक होता है उसी प्रकारसे वे आचार्य परमेष्ठी अपने दिव्य उपदेशके द्वारा निर्बाध मोक्षमार्गको प्रगट करके मुझे उसमें प्रवृत्त होनेके लिये सहायता करें ॥३॥

जिस प्रकार पिता जन अपने पुत्रोंके उपकारके लिये उन्हें धनको दिया करते हैं उसी प्रकार जो अध्यापक (पाठक या उपाध्याय) अपने निकटवर्ती शिष्योंके उपकारके लिये उन्हें शास्त्रोंको दिया करते हैं—शास्त्रोंका रहस्य बतलाते हैं—वे उपाध्याय परमेष्ठी मेरे दुखको दूर करें ॥४॥

जो साधुरूप सुभट तीनों लोकोंके समस्त प्राणियोंको कष्ट पहुँचानेवाले कषायरूप शत्रुको शान्ति एवं शीलरूप शस्त्रोंके द्वारा विदीर्ण किया करते हैं वे साधुरूप सुभट मेरे लिये मुक्तिरूपी रमणीके वरण (परिणयन) में सहायक होवें—मुझे मुक्ति प्रदान करें ॥५॥

जिसके प्रसादसे अभ्यासमें एकाग्रचित्त हुआ प्राणी दुर्गम आगमरूप समुद्रके उस पार पहुँच जाता है वह सरस्वती (जिनवाणी) मुझे जिस प्रकार कामधेनु गाय प्राणियोंके लिये चिन्तित पदार्थको दिया करती है उसी प्रकार अभीष्ट सिद्धिको प्रदान करे ॥६॥

४) इ पितरौ । ५) इ शमसाधु° ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्तवैरमीभिर्मम धूयमाना नश्यन्तु विघ्नाः क्षणतः समस्ताः ।
उद्वेजयन्तो जनतां प्रवृद्धैः सद्यः समीरैरिव रेणुपुञ्जाः ॥७

आनन्दयन्तं सुजनं त्रिलोकीं गुणैः खलः कुप्यति वीक्ष्य दुष्टः ।
किं भूषयन्तं किरणैस्त्रियामां विलोक्य चन्द्रं ग्रसते न राहुः ॥८

शिष्टाय दुष्टो विरताय कामी निसर्गतो जागरुकाय चौरः ।
धर्मार्थिने कुप्यति पापवृत्तिः शूराय भीरुः कवये ऽकविश्च ॥९

शङ्के भुजङ्गैः पिशुनैः कृतान्तैः परापकाराय कृता विधात्रा ।
निरीक्षमाणा जनतां सुखस्थामुद्वेजयन्ते कथमन्यथामी ॥१०

७) १. पञ्चपरमेष्ठिनां स्तोत्रैः । २. क पूर्वोक्तैः । ३. क कम्पमानाः । ४. क पीडयन्तः । ५. क लोकसमूहम् । ६. क पवनैः । ७. क रजःकणसमूहाः ।

८) १. सुजनं दृष्ट्वा कुप्यति । २. रात्रिम् । ३. राहुः चन्द्रमसं किं न ग्रसते, अपि तु ग्रसते; क किं न पीडते ।

९) १. महानुभावपुरुषाय दुष्टपुरुषः कुप्यति; क साधुजनाय । २. क भोगरहिताय । ३. स्वभावतः, क स्वभावात् । ४. कुकुराय । ५. क कायरः ।

१०) १. अहं मन्ये एवम्, अहं विचारयामि । २. क सर्पाः । ३. क वैरिणः । ४. क यमः । ५. क परपीडाकराय । ६. निष्पादिताः । ७. क उत्त्रासयन्ति । ८. क भुजङ्गपिशुनकृतान्ताः ।

जनसमूहको उद्विग्न करनेवाले विघ्न इन स्तुतियोंके द्वारा कम्पित होकर इस प्रकारसे नष्ट हो जावें जिस प्रकार कि वृद्धिंगत वायुके द्वारा कम्पित होकर धूलिके समूह शीघ्र नष्ट हो जाते हैं ॥७॥

जो सज्जन अपने गुणोंके द्वारा तीनों लोकोंको आनन्दित किया करता है उसको देख करके स्वभावसे दुष्ट दुर्जन मनुष्य क्रोधको प्राप्त होता है। सो ठीक भी है, क्योंकि अपनी किरणोंके द्वारा रात्रिको विभूषित करनेवाले चन्द्रमाको देखकर क्या राहु उसे ग्रसित नहीं करता है ? करता ही है। तात्पर्य यह है कि दुर्जन मनुष्यका स्वभाव ही ऐसा हुआ करता है कि वह सज्जन पुरुषोंको उत्तम कृतिको देखकर उसके विषयमें दोषोंको प्रगट करता हुआ उनसे ईर्ष्या व क्रोध करता है। अतएव सत्पुरुषोंको इससे खिन्न नहीं होना चाहिये ॥८॥

दुष्ट पुरुष शिष्टके ऊपर, विषयी मनुष्य विषयविरक्तके ऊपर, चोर जागनेवालेके ऊपर, दुराचारी धर्मात्माके ऊपर, कायर वीरके ऊपर, तथा अकवि (योग्य काव्यकी रचना न कर सकनेवाला) कविके ऊपर स्वभावसे ही क्रोध किया करता है ॥९॥

मैं समझता हूँ कि सर्प, निन्दक (चुगलखोर) और यमराज; इन सबको ब्रह्माने दूसरे प्राणियोंका अहित करनेके लिये ही बनाया है। कारण कि यदि ऐसा न होता तो फिर ये सब जनसमूहको सुखी देखकर उसे उद्विग्न कैसे करते ? नहीं करना चाहिये था। तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार सर्प व यम जन्मसे ही स्वभावतः दूसरोंका अहित करनेवाले हैं उसी प्रकार दुर्जनका भी स्वभाव जन्मसे ही दूसरोंके अहित करनेका हुआ करता है ॥१०॥

८) इ कोऽपि for वीक्ष्य । १०) क ड इ भुजङ्गाः पिशुनाः; क ड कृतान्ताः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आराध्यमानो[1] ऽपि खलः कवीन्द्रैर्न वक्रिमाणं विजहाति[2] दुष्टः ।
परोपतापप्रथनप्रवीणैः[3] प्रप्लोषते[4] वह्निरुपास्यमानः[5] ॥११

एकेन[1] मन्ये[2] विहिता[3] दलेन[4] स्रष्ट्राम्बुदैकाङ्कशशाङ्कसन्तः[5] ।
विना निमित्तं परथोपकारं किं कुर्वते ऽमी[6] सततं जनानाम् ॥१२

विदूयमानो[1] ऽपि खलेन साधुः सदोपकारं कुरुते गुणैः स्वैः ।
निःपीड्यमानो ऽपि तुषाररश्मी[2] राहुं न किं प्रीणयते सुधाभिः ॥१३

तिग्मेतरांशाविव शीतलत्वं स्वभावतस्तिग्मरुचीव तापम्[1] ।
साधौ गुणं वीक्ष्य खले च दोषं न तोषरोषौ जनयन्ति सन्तः ॥१४

११) १. क सेव्यमानो ऽपि । २. न त्यजति । ३. विस्तरणे । ४. क परपोडाविस्तारपटुः । ५. भस्मीकरोति; क दह्यते । ६. क सेव्यमानः ।

१२) १. क अर्धेन । २. अहं मन्ये । ३. कृताः । ४. खानिमृत्तिकातत्त्वेन । ५. विधात्रा । ६. चन्दन । ७. अन्यथा । ८. अम्बुदहरिचन्दनशशाङ्कसन्तः ।

१३) १. पीड्यमानः । २. चन्द्रः ।

१४) १. क चन्द्रे । २. क आदित्ये ।

बड़े-बड़े कविराज उस दोषग्राही दुष्ट पुरुषकी कितनी ही सेवा क्यों न करें; किन्तु वह अपनी कुटिलताको नहीं छोड़ सकता है । कारण कि वह स्वभावसे ही दूसरोंको अधिकसे अधिक संताप देनेमें प्रवीण हुआ करता है । उदाहरणके रूपमें देखो कि अग्निकी जितनी अधिक उपासना की जाती है—उसे जितने अधिक समीपमें लेते हैं—वह उतने ही अधिक दाहको उत्पन्न किया करती है ॥११॥

ब्रह्मदेवने मेघ, चन्दन, चन्द्र और सत्पुरुष इन सबको एक ही मिट्टीके खण्डसे बनाया है; ऐसा मैं मानता हूँ । कारण कि यदि ऐसा न होता तो फिर ये अकारण ही दूसरे जनोंका निरन्तर क्यों उपकार करते ? नहीं करना चाहिए था । तात्पर्य यह कि सत्पुरुष मेघ, चन्दन और चन्द्रमाके समान निरपेक्ष होकर स्वभावसे ही दूसरोंका भला किया करते हैं ॥१२॥

दुर्जनसे पीड़ित होता हुआ भी सज्जन अपने गुणोंके द्वारा उसका निरन्तर उपकार ही किया करता है । ठीक है—राहुके द्वारा पीड़ित हो करके भी चन्द्र क्या अमृतके द्वारा उसको प्रसन्न नहीं करता है ? अवश्य ही प्रसन्न करता है ॥१३॥

जिस प्रकार चन्द्रमामें स्वभावसे शीतलता तथा सूर्यमें स्वभावसे उष्णता होती है उसी प्रकारसे सज्जनमें स्वभावसे आविर्भूत गुणको तथा दुर्जनमें स्वभावसे आविर्भूत दोषको देख करके विवेकी पुरुष सज्जनसे अनुराग और दुर्जनसे द्वेष नहीं किया करते हैं ॥१४॥

११) इ न चोष्णते for प्रप्लोषते । १२) इ सृष्टा for स्रष्ट्रा; परमोपकारं । १३) ड इ निपीड्य ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धर्मो गणेशेन[1] परीक्षितो यः कथं परीक्षे तमहं जडात्मा ।
शक्तो हि यं[3] भङ्क्तुमिभाधिराजः स भज्यते किं शशकेन[4] वृक्षः ॥१५
प्राज्ञैर्मुनीन्द्रै[1] र्विहितं[2]प्रवेशे मम प्रवेशोऽस्ति जडस्य धर्मे ।
मुक्तामणौ किं कुलिशेन[3] विद्धे[4] प्रवर्तते ऽन्तः शिथिलं न सूत्रम् ॥१६
द्वीपो ऽथ जम्बूद्रुमचारुचिह्नः परिस्फुरद्रत्नविभासिताशः ।
द्वीपान्तरैरस्त्यभितः[1] सुवृत्तश्चक्री क्षितीशैरिव सेव्यमानः ॥१७
तद्भारतं क्षेत्रमिहास्ति भव्यं[2] हिमाद्रिवार्धित्रयमध्यवर्ति ।
आरोपितज्यं[3] मदनस्य चापं जित्वा श्रिया यन्निजया विभाति ॥१८

१५) १. क जिनेन । २. धर्मम् । ३. यो वृक्षः । ४. क ससो ।
१६) १. क गौतमादिभिः । २. कृते प्रवेशे । ३. वज्रेण; क हीराकणी । ४. सति ।
१७) १. समस्तः [समन्ततः] ।
१८) १. क जंबूद्वीपे । २. मनोज्ञम् । ३. सजिव [सजीवा] कृतम् ।

जिस धर्मकी परीक्षा जिनेन्द्र या गणधरने की है उसकी परीक्षा मुझ जैसा मूर्ख कैसे कर सकता है ? नहीं कर सकता । ठीक है—जिस वृक्षके भंग करनेमें केवल गजराज समर्थ है उस वृक्षको क्या कभी खरगोश भंग कर सकता है ? नहीं कर सकता है ॥१५॥

जिस धर्मके भीतर अतिशय बुद्धिमान् मुनीन्द्र (गणधरादि) प्रवेश कर चुके हैं उस धर्मके भीतर मुझ जैसे जड़बुद्धिका भी प्रवेश सरलतासे हो सकता है । ठीक है—जो मणि वज्रके द्वारा वेधा जा चुका है—जिसके भीतर कठोर वज्र प्रवेश पा चुका है—उसके भीतर क्या शिथिल धागा नहीं प्रविष्ट हो सकता है ? वह तो सरलतासे प्रवेश पा जाता है ॥१६॥

यहाँ सब द्वीपोंके मध्यमें स्थित एक जम्बूद्वीप है जो कि चक्रवर्तीके समान सुशोभित होता है—चक्रवर्ती यदि सुन्दर ध्वजा आदिसे चिह्नित होता है तो वह द्वीप जम्बूवृक्षसे चिह्नित है, चक्रवर्ती जिस प्रकार आभूषणोंमें खचित अनेक प्रकारके रत्नों द्वारा आशाओं—दिशाओं—को प्रकाशित करता है अथवा मूल्यवान् रत्नोंको देकर दूसरोंकी आशाओं—इच्छाओं—को पूर्ण किया करता है उसी प्रकारसे वह जम्बूद्वीप भी अपने भीतर स्थित देदीप्यमान रत्नोंसे समस्त दिशाओंको प्रकाशित करता है तथा उन्हें देकर जनोंकी इच्छाओं-को भी पूरा करता है, सुवृत्त (सदाचारी) जैसे चक्रवर्ती होता है वैसे ही वह जम्बूद्वीप भी सुवृत्त (अतिशय गोल) है, तथा चक्रवर्ती जहाँ अनेक राजाओंसे घिरा रहता है वहाँ वह द्वीप अनेक द्वीपान्तरोंसे घिरा हुआ है । इस प्रकार वह द्वीप सर्वथा चक्रवर्तीकी उपमाको प्राप्त है ॥१७॥

इस जम्बूद्वीपके भीतर एक सुन्दर भारतवर्ष है जो कि हिमालय पर्वत और तीन (पूर्व, पश्चिम और दक्षिण) समुद्रोंके मध्यमें स्थित है । इसीसे वह धनुषके आकारको धारण करता हुआ मानो अपनी छटासे चढ़ी हुई डोरीसे सुसज्जित कामदेवके धनुषपर ही विजय पा रहा है ॥१८॥

१५) ड शक्नोति यं । १६) अ ड विहिते प्रवेशे । १८) इ आरोपितं यन्मदं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खण्डैरखण्डैर्जनयाचनीयां चक्रेश्वराणां यदनन्यगम्यैः ।
आवश्यकैः षड्भिरिवं प्रदत्ते लक्ष्मीं मुनीनामनघं चरित्रम् ॥१९
यज्जाह्नवीसिन्धुखेचारिशैलैर्विभज्यमानं भवति स्म षोढा[२] ।
त्रिभिः प्रशस्तेतरकर्मजालं[३] योगैरिवानेकविशेषयुक्तैः ॥२०
तत्रास्ति शैलो विजयार्धनामा यथार्थनामा महनीयधामा ।
पूर्वापराम्भोधितटावगाही गात्रं स्थितः शेषं इव प्रसार्य ॥२१

१९) १. क्षेत्रम् । २. क सामायिकादिभिः ।

२०) १. विजयार्धैः । २. क त्रिभिः प्रकारैः षोढा । ३. क शुभाशुभकर्मसमूहम् ।

२१) १. क्षेत्रे । २. धरणेन्द्रः ; क नागः ।

वह भरत क्षेत्र जिस प्रकार साधारण जनके लिए दुर्गम ऐसे पूर्ण छह खण्डोंके द्वारा जनोंसे प्रार्थनीय चक्रवर्तियोंकी विभूतिको देता है उसी प्रकारसे अन्य जनोंके लिए दुर्लभ ऐसे अखण्डित छह आवश्यकों (समता-वंदना आदि) के द्वारा मुनियोंके लिए निर्मल सकल चारित्रको भी देता है ॥ विशेषार्थ—गोल जम्बूद्वीपके भीतर दक्षिणकी ओर अन्तमें भरतक्षेत्र स्थित है । उसके उत्तरमें हिमवान् पर्वत और शेष तीन दिशाओंमें लवण समुद्र है । इससे उसका आकार ठीक धनुषके समान हो गया है । उसके बीचोंबीच विजयार्ध पर्वत और पूर्व-पश्चिमकी ओर हिमवान् पर्वतसे निकली हुई गंगा व सिन्धु नामकी दो महानदियाँ हैं । इस प्रकारसे वह भरतक्षेत्र छह खण्डोंमें विभक्त हो गया है । इन छहों खण्डोंके ऊपर विजय प्राप्त कर लेनेपर चक्रवर्तियोंके लिए साम्राज्यलक्ष्मी प्राप्त होती है । तथा कर्मभूमि होनेके कारण यहाँपर भव्य जीव समता-वंदना आदिरूप छह आवश्यकोंका अखण्डित स्वरूपसे परिपालन करके निर्मल सकल चारित्र (महाव्रत) को धारण करते हैं और मोक्षको प्राप्त करते हैं । इस प्रकारसे वह भरतक्षेत्र इस लोकसम्बन्धी तथा परलोकसम्बन्धी भी सर्वोत्कृष्ट सुखको प्रदान करनेवाला है ॥१९॥

वह भरतक्षेत्र गंगा-सिन्धु नदियों तथा विद्याधरोंके पर्वत (विजयार्ध) से विभागको प्राप्त होता हुआ छह खण्डोंमें इस प्रकारसे विभक्त हो गया है जिस प्रकारसे कि शुभाशुभरूप अनेक भेदोंसे युक्त तीन योगों (मन-वचन-काय) के द्वारा पुण्य व पापरूप कर्मसमूह विभक्त हो जाता है ॥२०॥

उस भरतक्षेत्रमें प्रशंसनीय स्थानसे संयुक्त व सार्थक नामवाला विजयार्ध पर्वत पूर्व एवं पश्चिम समुद्रके तटको प्राप्त होकर ऐसे स्थित है जैसे मानो अपने लम्बे शरीरको फैलाकर शेषनाग ही स्थित हो । चूंकि इस पर्वतके पास चक्रवर्तीकी विजयका आधा भाग समाप्त हो जाता है अतएव उसका विजयार्ध यह नाम सार्थक है ॥२१॥

१९) इ खण्डैः सुखण्डै° । २०) इ संजाह्नवी....शैलविभज्य° । २१) इ गात्रस्थितं शेष इव प्रयासं ।

